ISSUE - 07

SRG HOUSING FINANCE LTD
Always with you

# Newsletter

A SUCCESS STORY OF SRG

# संघर्षों का समय, जीतने का समय

## डायरेक्टर की कलम से ....

जब चारों ओर से निराशा ही हाथ लगे और उजाले की किरण नहीं दिखाई दे तब भी उम्मीद का दामन नहीं छोड़े क्योंकि संघर्ष का समय जीतना कड़ा होगा सफलता उतनी ही बड़ी होगी। कोई भी व्यक्ति जब अपने परिवार को शांति और सुकून की छत दे पाता है तो अपना जीवन सफल मानता है लेकिन घर एक ऐसी जरूरत है जो एक साथ बड़ी धन राशि मांगती है। चूंकि भारत में ज्यादातर लोग आर्थिक संकट के कारण धन की व्यवस्था नहीं कर पाते हैं ऐसे में वे पूरा जीवन किराये के मकान में ही बीता देते हैं । एसआरजी ऐसे लोगों का हमसफर बन रही है जो अपने घर के लिए काफी प्रयासों के बाद भी आर्थिक रूप से सक्षम नहीं बन पा रहे हैं।

---

## तीसरी तिमाही की ग्रोथ – दिसम्बर 2018

# Celebrating
## 70th Republic day

## कम्पनी का ऋण प्रक्रिया को त्वरित और सुगम करने के लिए बदलाव

## सृजन – 2019

जीवन में सफलता की शुरूआत बदलाव से होती है । एसआरजी में कार्य प्रणाली में परिवर्तन करने के लिए नयी प्रक्रिया "सृजन" की शुरूआत की गयी है जिसके तहत ग्राहक की कॉल से लेकर डिस्बर्समेंट तक का सारा काम कम समय एवं प्रभावी तरीके से किया जायेगा। सम्पूर्ण लोन प्रक्रिया को नियत समय में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के लिए "सृजन" किया गया है।

## लोन आपके द्वार

एसआरजी हाऊसिंग फाईनेंस कम्पनी ग्राहकों के विश्वास के बूते तेज गति के अपने कार्यक्षेत्र में विस्तार करती जा रही है। 32 शाखाओं के माध्यम से कम्पनी ने 6200 से अधिक जरूरतमंदों को छोटे कदम लेकिन बुलंद सोच के साथ अपने घर की खुशियाँ दी है कम्पनी ने मध्यप्रदेश के आष्टा में अपनी नयी शाखा का शुभारंभ किया है।

## Grand Opening At ASHTA

कम्पनी में हर माह अपने क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाता है । इस माह Best Performer है।

**The Best Performance Award**

### मनीषा चंदेल



### स्नेहा जोन

### धवल बण्डी



### महेन्द्र शर्मा

## होम लोन – अपने घर की उम्मीद

इंसान की सबसे महती जरूरत होती है– रोटी, कपड़ा और मकान। रोटी और तन ढकने के लिए कपड़े की व्यवस्था तो हो ही जाती है लेकिन घर जैसी बुनयादी आवश्यकता आसानी से पूरी नहीं हो पाती है। जिनके पास बचत की रकम अधिक नहीं है, आय का बड़ा स्त्रोत नहीं है और परिवार भी बड़ा है उनके लिए होम लोन घर खरीदने या बनाने का एक बहुत अच्छा विकल्प हैं।

हर व्यक्ति का सपना होता है की वह अपने परिवार को शांति और सुरक्षा के लिए अपनी छत दे सके लेकिन समय के साथ मकान की किमतें तेजी से बढ़ती जा रहीं हैं, ऐसी स्थिति में मध्यम वर्गीय व्यक्ति के लिए घर लेना असंभव सा लगता है क्योंकि उनके पास एक साथ इतनी रकम नहीं होती कि घर खरीद सकें और बाजार से उन्हें उधार या लोन मिलना आसान नहीं होता है। ऐसे में वे हार मान जाते हैं जबकि पिछले कुछ वर्षों में होम लोन (गृह ऋण) के नियमों को थोड़ा सरल कर दिया गया है और प्रधानमंत्री आवास योजना ने भी अल्प व मध्यम आय वर्ग के लोगों के खुद के घर में रहने के सपने को पूरा करने का सफल प्रयास किया हैं ।

**होम लोन** – नया घर बनाने, खरीदने, घर की मरम्मत करने, बड़ा करने आदि के लिए प्रोपर्टी की वेल्यू के बदले निश्चित अवधि के लिए होम लोन लिया जाता है । व्यक्ति का लोन आवेदन स्वीकार करते समय कम्पनी की ओर से काफी बातों को ध्यान में रखा जाता है जैसे – आवेदक की मासिक आय, पूर्व में लोन, परिवार में सदस्य, उम्र, निर्भर सदस्यों की संख्या, परिवार के अन्य लोगों की आय, सम्पत्ति की स्थिति (लोकेशन, सम्पत्ति का एरिया, वेल्यू) और किश्त चुकाने की क्षमता आदि।

गृह ऋण के लिए आवेदन करते समय आवेदक को लोन प्रोवाईडर कम्पनी के अधिकारी से मिल कर समस्त जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए और दस्तावेज पूर्ण होने पर आवेदन करना चाहिए ताकि लोन प्रक्रिया में अधिक समय नहीं लगे और समय पर ऋण स्वीकृत हो जाए। लोन प्रोसेस में इन दिनों अधिक समय नहीं लगता है, लोन की राशि मिलने के बाद किश्त के रूप में एक जिम्मेदारी शुरू हो जाती है। कोई भी लोन देने वाली कम्पनी आप पर भरोसा करके आपकी आर्थिक जरूरत को पूरा करती है ऐसे में मासिक किश्त का भुगतान समय पर करना आपकी जिम्मेदारी है।

## हमारा साथ – बेहतर मुकाम

कहते हैं आपके ईरादों में दम हो और लक्ष्य के साथ मेहनत की जाये तो सफलता नामुमकिन नहीं है। हो सकता है शुरू में थोडी समस्याएं आएं लेकिन एक रास्ता मिलने के बाद कड़ी से कड़ी जुड़ती जाती है ऐसा ही कुछ हुआ गुजरात के वड़गांव में रहने वाले हीराभाई पटेल के साथ । व्यापार को बढ़ाने के लिए कुछ स्थानों पर लोन के लिए आवेदन किया लेकिन कागजी कार्रवाई की झंझट से आवेदन अस्वीकार हो गया, पटेल बताते हैं कि कहीं से एसआरजी के बारे में पता चला और कम्पनी के दफ्तर में सम्पर्क किया, यहाँ सरल और केवल जरूरी दस्तावेजों में मेरा लोन अगेन्स्ट प्रोपर्टी (LAP) स्वीकृत हो गया, आज लोन से मेरा बिजनेस आगे बढ़ रहा है और दूसरों को भी रोजगार देने का माध्यम बन गया हूँ।

**कम्पनी के साथी अपनी प्रतिभा न्यूज लेटर के माध्यम से सामने ला सकते हैं, आप अपने द्वारा क्लिक किये गये फोटो, स्वरचित कविता, कहानी, शायरी, लेख भेजें आगामी न्यूज लेटर में इसे स्थान दिया जायेगा।**